# FAQs Regarding PRSA Form Submission –

**प्रश्न 1– क्या आवेदक द्वारा स्वंय की एसएसओ आईडी से ही आवेदन किया जाना है या किसी अन्य एसएसओ आईडी धारक की आईडी से भी आवेदन किया जा सकता है?**

**उत्तर :** आवेदक की स्वयं की एसएसओ आईडी से तो आवेदन कर ही सकता है व किसी अन्य व्यक्ति की एसएसओ आईडी से भी आवेदन किया जा सकता है लेकिन आवेदन में किसी भी प्रकार की विसंगति अथवा संशय के लिये आवेदक की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। (मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी अलग–अलग होने चाहिये)

**प्रश्न 2– क्या एक एसएसओ आईडी से एक से अधिक आवेदन किये जा सकते है ?**

**उत्तर :** एक एसएसओ आईडी से एक से अधिक अलग–अलग आवेदन किये जा सकते है (मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी अलग–अलग होने चाहिये)।

**प्रश्न 3– क्या एक आवेदक एक से अधिक क्षेत्र/सेक्टर से आवेदन कर सकता है?**

**उत्तर :** चूंकि एक आवेदक को अधिकतम एक अवार्ड प्राप्त हो सकता है, तो ऐसी अवस्था में आवेदक को अगर केवल एक ही आवेदन करना है तो अपने श्रेष्ठतम क्षेत्र से ही आवेदन करने की सलाह दी जाती है। आवेदक एक से अधिक आवेदन भी कर सकता है बशर्ते मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी अलग होनी चाहिये ।

**प्रश्न 4– क्या एक आवेदक किसी दूसरे आवेदक को नामांकित कर सकता हैं?**

**उत्तर :** आवेदक द्वारा स्वंय का ही आवेदन भरा जाना चाहिये। संस्थान/संगठन के लिए आवेदन, संस्थान/संगठन के अधिकृत व्यक्ति के द्वारा किये जा सकते है।

**प्रश्न 5– आवेदक के द्वारा फॉर्म सबमिट करने के बाद भी आवेदक को Dashboard पर No Data Found !!! दिखाई देना।**

**उत्तर :** कृपया फॉर्म (Form) भरने से पहले समस्त संबंधित Documents व Write-ups तैयार रखें जिससे निर्धारित समयावधि (30 मिनट में सेशन टाइम आउट हो जाता हैं) में सफलतापूर्वक Form Submit हो सके।